प्र.3 एक शब्द / वाक्य उत्तर दीजिए -

(i) 'तुलसीदास' स्वयं को कहलाना पसन्द करते हैं। (राम का गुलाम / कृष्ण की भक्त)

(ii) हरिवंशराय बच्चन द्वारा लिखित एकमात्र डायरी का क्या नाम है।

(iii) सिन्धु - घाटी सभ्यता में कौन - से फल उगाए जाते थे?

(iv) दृश्य का क्रमिक विकास किसकी सहायता से होता है

(v) श्रम - विभाजन किस समाज की आवश्यकता है?

(vi) ओज गुण शान्त रस की कविताएँ में पाया जाता है।

प्र.4 सही जोड़ी मिलाओ -

(i) अद्भुत रस का स्थायी भाव - चार चरण

(ii) कवित्त - कथा (द्यायक)

(iii) वन तुलसी की गन्ध - सरकारी काम-काज की भाषा

(iv) चौपाई छंद - विस्मय

(v) राजभाषा - फणीश्वर नाथ रेणु

(vi) रस्सी या साँप - संदेह अलंकार

प्र.5 सत्य / असत्य कथन

(i) छायावादी कवियों ने प्रकृति का मानवीकरण किया है।

(ii) मिस्र और सुमेर में चकमक और लकड़ी के उपकरण इस्तेमाल होते थे।

(iii) निराला की 'सरोज - स्मृति' घनघोर निजी रचना है।

(iv) सांझ एक क्षेत्रीय शब्द है।

(v) 'अभिनेता' एक तकनीकी शब्द है।

(vi) भूषण रीतिकाल के कवि थे।

Scanned with CamScanner

प्र.6 रीतिकाल का नाम 'रीतिकाल' क्यों पड़ा? अथवा भक्तिकाल को हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग क्यों कहा जाता है?

प्र.7 'निज उर के उद्गार' से कवि का क्या तात्पर्य है? अथवा बच्चन जी को संसार क्यों प्रिय नहीं है?

प्र.8 नाटक और एकांकी में कोई दो अंतर बताइए। अथवा नाटक के तत्व लिखते हुए संवाद को समझाइए।

प्र.9 'मन खाली हो, तब बाजार जाना जाओ।' जैनेंद्र कुमार ने ऐसा क्यों कहा है? अथवा भक्तिन के स्वभाव की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.10 यशोधर बाबू के व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए अथवा स्वयं कविता रच लेने का आत्मविश्वास लेखक के मन में कैसे पैदा हुआ?

प्र.11 विज्ञान के क्षेत्र में काम कर रही भारत की दो संस्थाओं के नाम लिखिए। अथवा इंटरनेट क्या है?

प्र.12 रस किसे कहते हैं? रस के अंगों के नाम लिखिए 'अथवा' वात्सल्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.13 काव्य में ओज गुण किसे कहते हैं? अथवा अभिधा शब्द-शक्ति की परिभाषा सोदाहरण लिखिए

प्र.14 राष्ट्रभाषा से आप क्या समझते हैं? अथवा मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए (i) आँखों का तारा होना (ii) कोल्हू का बैल

15 नशा मुक्ति हेतु एक विज्ञापन बनाइए अथवा जनसंख्या नियंत्रण विषय पर एक डॉक्टर एवं महिला के मध्य होने वाले संवाद लिखिए।

Scanned with CamScanner

प्र.16 फिराक गोरखपुरी का काव्यगत परिचय निम्नलिखित आधार पर लिखिए अथवा तुलसीदास
(i) रचना (ii) कलापक्ष (iii) साहित्य में स्थान

प्र.17 महादेवी वर्मा अथवा जैनेन्द्र कुमार का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- (i) दो रचनाएँ (ii) भाषा-शैली (iii) साहित्य में स्थान

प्र.18 कलाओं का अस्तित्व व्यवस्था का मोहताज नहीं है। (भाव- पल्लवन लिखो) अथवा मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ में अंतर लिखो (कोई तीन)

प्र.19 अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक को उत्तर दीजिए-

अहिंसा की सत्य का पूरक रूप है। अहिंसा में दूसरे से अधिकारों की, विशेषकर जीवधारियों की स्वीकृत रखती भी अहिंसा से दूसरे के अधिकारों की, विशेषकर जीवधारियों की स्वीकृति रखती है। अहिंसा मन, वचन और कर्म तीनों से होती है। अहिंसा के पीछे जियो और जीने दो। का सिद्धान्त कार्य करता है। अहिंसा मानवता का पर्याय भी

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखो -
(ii) अहिंसा किसका पूरक रूप है?
(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखो -

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश की प्रसंग एवं संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

मैं निज उर में राग लिए फिरता हूँ,
शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ,
जिस पर भूपों के प्रसाद निछावर,
वह खंडहर का भाग लिए फिरता हूँ।

अथवा झूमने लगे फल,
रस अलौकिक,
अमृत धाराएँ फूटतीं
रोपाई क्षण की,
कटाई अनंतता की
लुटते रहने से जरा भी नहीं कम होती।
रस का अक्षय पात्र सदा का
छोटा मेरा खेत चौकोना

प्रश्न- निम्न. गद्यांश का सन्दर्भ, प्रसंग व्याख्या कीजिए-
बाजार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो, और मन खाली हो ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीजों का निमन्त्रण उस पर पहुँच जाएगा। तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है।
अथवा दो सेर रस बुन्दा को उदरस्थ करके, मुँह में ठाठ-परस पान की गिलौरियाँ ठूँस एड़ी की पान के रस से लाल करते हुए हामिद बाल में मेले में घूमता। मेले से परिवार लौटते समय उसकी अजीब दुनिया रहती : आँखों में रंगीन अबरख का चश्मा, हाथ में खिलौने की लता और मुँह में पीतल की सीटी बजाता हँसता हुआ घर वापस जाता वह और शरीर की ऊर्जा परिणाम थी

मा० शिक्षा मंडल म०प्रदेश भोपाल

प्र.24 सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल म०प्रदेश भोपाल को अंकसूची की द्वितीय प्रति हेतु आवेदन पत्र लिखिए
अथवा अपने मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई संदेश लिखिए,

प्र.25 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं सारगर्भित निबंध लिखिए
(i) विज्ञान वरदान या अभिशाप (ii) कोरोना वायरस
(iii) नारी शिक्षा का वर्तमानकालीन महत्व (iv) भारत की राष्ट्रीय समस्या
अथवा अनुच्छेद लिखो - जनसंख्या नियंत्रण